देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक हो रही है।
- उत्तरकाशी जिले के नौ कैंची भैरव मंदिर के पास भूस्खलन के बाद रेस्क्यू अभियान जारी। भू–वैज्ञानिकों की टीम भूस्खलन के कारणों का पता लगाएगी।
- देहरादून में अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित करने के लिए पुलिस का सत्यापन अभियान जारी। अब तक एक हजार तीन सौ से अधिक लोगों का किया गया सत्यापन।
- प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी, बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक हो रही है। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी भाग ले रहे हैं। वहीं, बैठक से पहले श्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बैठक में राज्य और क्षेत्रीय हितों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बचाव अभियान उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर नौ कैंची भैरव मंदिर के पास कल हुए भूस्खलन के बाद मलबे में दबकर एक बालिका समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो यात्री अभी लापता हैं। एसडीआरएफ, पुलिस और वन विभाग की टीम ने आज सुबह फिर से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। इस बीच, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से हादसे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भू–वैज्ञानिकों की टीम को तत्काल मौके का निरीक्षण करने और भूस्खलन के कारणों का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार सभी यात्रियों को आवागमन के लिए फिलहाल रोका गया है, जिन्हें वैकल्पिक मार्ग से भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

चुनाव ऊधमसिंह नगर

ऊधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और निर्बाध सम्पन्न कराने के लिए सभी आरओ और एआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मॉस्टर ट्रेनर नरेश चन्द्र दुर्गापाल और जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने प्रस्तृतिकरण के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों को अच्छी तरह से देखकर जमा कराये व नाम

निर्देशन पत्रों को जमा करते समय तिथि व समय का अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि आगामी त्रिस्तरी पंचायत चुनाव को लेकर इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच व प्रतीक चिन्ह आवंटन में सावधानी व सतर्कता बरतने पर बल दिया।

चुनाव प्रशिक्षण पौड़ी

वहीं, पौड़ी में भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पहले दिन 16 आरओ, 150 एआरओ, 15 विकासखंड अधिकारी, 15 एडीओ पंचायत और 48 मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण लिया। पंचायत चुनाव को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में लगे सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

पुलिस सत्यापन

देहरादून में अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान के लिए पुलिस लगातार सत्यापन अभियान चला रही है। इसके तहत 1 हजार 300 से अधिक व्यक्तियों का सत्यापन किया गया है। इस अभियान में किराएदारों का सत्यापन नहीं कराने वाले कई मकान मालिकों और हॉस्टल संचालकों का चालान कर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। सत्यापन अभियान का उद्देश्य सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। देहरादून पुलिस ने सत्यापन अभियान के तहत 5 बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से देश में रह रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि सत्यापन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मौसम

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके अलावा देहरादून, रुद्रप्रयाग, और नैनीताल जिलों में भी कहीं–कहीं भारी बारिश संभावना जताई है। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक रुककर बारिश का दौर जारी है। बागेश्वर जिले में लगातार हो रही है बारिश से पिंडारी मोटर मार्ग पर पहाड़ी से मलबा आने से सड़क हुई बंद हो गई है। वहीं, जिला प्रशासन सड़क खोलने में जुटा है। चमोली जिले में बारिश के चलते नन्दप्रयाग–नन्दानगर मार्ग, मलबा आने से बाधित हो गया है। प्रशासन द्वारा मार्ग से मलबा हटाया जा रहा है।

धान रोपाई

उत्तरकाशी जिले में इन दिनों काश्तकार अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे हैं। खासकर डुंडा विकासखंड के बरसाली, नाकुरी और सेरा में रोपाई जोरों पर चल रही है। जिले में लाल धान और मोटा धान की पैदावार ज्यादा देखने को मिलती है। लाल धान की मांग विदेश में भी है, क्योंकि ये काफी

पौष्टिक होता है। पिछले साल जिले में 35 प्रतिशत धान की पैदावार हुई थी। मुख्य कृषि अधिकारी एस. एस. वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से काश्तकारों को धान की अच्छी पैदावार के लिए जैविक खाद और कीटनाशक दवाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।

बिजली चोरी

ऊर्जा निगम ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर 25 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। निगम ने बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर बनभूलपुरा के गफूर बस्ती क्षेत्र में विभागीय विजिलेंस टीम के साथ यह अभियान चलाया।